हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025


तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


14 भगवान श्रीराम की निकाली गई शोभायात्रा श्रद्धालुओं ...





14 बस्तर पण्डुम के विजेताओं ने कलेक्टर से की सौजन्य ...






समाज : गोंड़वाना समाज के मरका पंडुम के समापन पर बस्तर के कलंक नक्सलवाद को मिटाने का आवाहन

# सीएम साय ने अगले साल के मरका पंडुम से पहले नक्सलवाद के खात्मे का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

गोंडवाना समाज के पारंपरिक त्यौहार मरका पण्डुम (चैतरई महापर्व) के समापन कार्यक्रम में पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सबसे

- गोंडवाना समाज की माँगों को किया पूरा, विभिन्न कार्यें के लिए 80 .50 लाख देने की घोषणा
- नियद निल्लार योजना का किया जाएगा विस्तार, अंदरूनी इलाकों पर होंगे काम

पहले आदिवासी समाज के कुल देवता बूढ़ादेव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगा। उन्होंने बूढ़ा देव, आंगादेव को तेंदू, चार, चिरौंजी, महुआ और आम का अर्पण किया। सीएम ने समाज की माँग पर 80 लाख देने की घोषणा किया और राऊड़ का लोकार्पण भी किया। भीरवाही में गोंडवानी भवन परिसर में आयोजित मरका पंडुम के समापन पर पहुँचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपस्थिजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि गोंडवाना समाज का काफी समृद्धशाली इतिहास रहा है। मरका पण्डुम में हमने नए फलों, फसलों का अर्पण अपने देवी देवताओं को किया, यह बहुत अच्छी संस्कृति है। संस्कृति हमारे बड़े बुजुर्गो ने जो भी बनाई है, उसे भूलना नहीं, बल्कि अक्षुण्ण रखते हुए आगे बढ़ाना है। समाज को शिक्षित होने की नितांत जरूरत है। बच्चों को पढ़ाने के लिए सबको संकल्प लेना चाहिए। गोंडवाना समाज को इसमें और अधिक जागरूक होने की जरूरत है। प्रदेश सरकार भी शिक्षा को लेकर चिंतित है। 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हुआ है। विभिन्न प्राधिकरणों का गठन हुआ है। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए समाज की विभिन्न हस्तियों का जिक्र किया। देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति आदिवासी समाज से हैं, जो केंद्र सरकार की अनुकरणीय पहल है। पीएम जनमन से विशेष पिछड़ी जनजाति का तेजी से ▸▸| शेष पेज 12 पर





### हेलीपैड पर अधिकारियों ने किया स्वागत

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव के कांकेर आगमन पर पीजी गर्ल्स कालेज के हेलीपैड में कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला, वनमंडलाधिकारी आलोक बाजपेयी, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी व अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने स्वागत के उपरांत अफसरों से कांकेर के बारे में जानकारी भी हासिल किया, इसके उपरांत सीएम का काफिला कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुआ।





### संस्कृति एवं परंपरा को कभी भूलना नहीं चाहिए

विशिष्ट अतिथि की आसंदी से कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के हित चिंतक मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश का नेतृत्व कर रहे, यह गर्व की बात है। आगे कहा, हमें अपनी संस्कृति, परंपरा को कभी विस्मृत नहीं करना चाहिए, क्योंकि यही हमारी जड़ और वास्तविक पहचान है। मुख्यमंत्री ने हमारी संस्कृति को पहचान दिलाने के लिए ही बस्तर पण्डुम का कार्यक्रम करवाया जिसमें बस्तर संभाग के सभी आदिवासी संस्कृति से परिचय करवाने का प्रयास किया। देश के गृहमंत्री ऐसे कार्यक्रम से मुग्ध होकर देशभर के आदिवासी समाज को जोड़कर ऐसे कार्यक्रम करने का ऐलान भी किया। बस्तर समाज के संभागीय अध्यक्ष सुमेर सिंह नाग ने सामाजिक गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

### समाज की माँगों को किया पूरा

गोंडवाना समन्वय समिति के द्वारा मुख्यमंत्री के सामने कई माँगो को रखा। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने समाज की माँग पर गोंडवाना समाज के भवन के जीर्णोद्धार के लिए 45 लाख रुपए, बाउंड्री वॉल के लिए 23 लाख, इसके अलावा अन्य कार्यो के साथ कुल 80 लाख 48 हजार देने की घोषणा किया। मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा किए जाने पर समाज प्रमुखों ने सीएम का आभार जताया।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी, सुमित्रा मारकोले, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा अतिथि की आसंदी में उपस्थित रहे, इसके अलावा संभागीय संरक्षक डॉ. केके शोरी, संभागीय अध्यक्ष सुमेर सिंह नाग, महासचिव सदे सिंह कोमरे, उपाध्यक्ष विजय कोड़ोपी व समाज के सभी पदाधिकारी के अलावा मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, भाजपा के जिलाध्यक्ष महेश जैन, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर व भाजपा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अंतागढ़ में रामनवमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**अंतागढ़।** भगवान श्री राम के जन्मदिन पर अन्तागढ़ में राम भक्तों ने विशाल और मनमोहक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने कहा कि एक राम दशरथ का बेटा, एक राम घट घट में बैठा, एक राम सकल उजियारा एक राम जगत से न्यारा का जयघोष किया गया। अंतागढ़ में इस बार दो अलग-अलग स्थानों से शोभायात्रा निकाली गई, शिव मंदिर से होकर शोभायात्रा बस स्टैंड होते हुए गोल्डन चौक पहुंची। जहां सभी महिला पुरुषों ने रामजी की आरती कर शोभायात्रा का समापन किया। हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार त्रेता युग में रावण के अत्याचार को समाप्त कर धर्म की पुनः स्थापना करने भगवान विष्णु ने मृत्यु लोक में भगवान राम का अवतार लिया। भगवान राम का जन्म चैत्र की नवमीं में राजा दशरथ के यहां हुआ। राम नवमीं के अवसर पर प्रति वर्ष अन्तागढ़ में शोभायात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष विशेष तैयारियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमे धूमाल एवं डीजे पार्टी के आकर्षक धुनों व रंगीन लाईटों में रामभक्तों ने जमकर डांस किया, वहीं महिलाओं व बच्चों ने भी शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

### पोस्टर स्पर्धा में पीएमश्री की छात्रा दूसरे स्थान पर



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के हाहालदद्दी में स्थित श्री बजरंग पावर एण्ड इस्पात लिमिटेड के द्वारा पर्यावरण से संबंधित राज्यस्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। आयोजित प्रतियोगिता में पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गूकोंदल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिए था । सातवीं की छात्रा चंचल दुग्गा ने राज्यस्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता पर कंपनी ने उसे 5 हजार रूपएं प्रोत्साहन राशि और गिफ्ट मिला। इस अवसर माइंस प्रबंधक पीके महंता, रवि तिवारी, संस्था के प्राचार्य अजय नेताम्, एसडी दास, हरीश नागराज, पंकज निषाद, चारुचंद्र निषाद, अभिनव कुमरा, पूजा हलदर, आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

### युवक का शव जंगल में फांसी पर लटका मिला

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 69 ठाकुरनगर निवासी 18 वर्षीय सुदामा पाल पिता बनमाली ने भिंगीडार पहाड़ी जंगल में 5 से 6 अप्रैल के बीच फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि मृतक ने सागौन पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या करने का कारण नहीं पता चल सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत नयापारा बोगर में नाबालिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक बोगर निवासी 12 वर्षीय पियुष लेड़िया ने 6 अप्रैल को दोपहर 1 बजें अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बोगर निवासी 40 वर्षीय बिसनाथ लेड़िया ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणो के चलते आत्महत्या किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।



## दूध नदी पुल से टकराकर बाइक समेत नीचे गिरा युवक, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

रामनवमीं का कार्यक्रम देखकर मोटर सायकल से जा रहे युवक की मोटर सायकल सहित दूध नदी पुल से टकरा गई और युवक छिटककर पुल के नीचे जा गिरा। पुल के नीचे गिरने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस युवक के शव को जिला अस्पताल लेकर पहुँची और चिकित्सक ने जाँचकर मृत बताया। शव को पीएम कक्ष में रखवाया गया और सोमवार की सुबह पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। जानकारी के अनुसार टिकरापारा निवासी 24 वर्षीय गोपाल यादव बीती रात को श्रीरामनवमीं कार्यक्रम को देखकर रात को दो बजे के आसपास वापिस अपने घर टिकरापारा जा रहा था। युवक की मोटर सायकल पुल से टकराई और युवक छिटककर पुल के नीचे गिर गया। युवक के गिरने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को जिला अस्पताल लेकर गए, जहाँ चिकित्सकों ने मृत बताया। पीएम के लिए शव को मरचुरी में रखा गया। शव का 7 अप्रैल को सुबह पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। घटना के समय कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं होने के कारण यह नहीं पता चल पाया कि युवक की मोटर सायकल पुल से किस तरह से टकराई और युवक पुल के नीचे कैसे गिरा। घटना रात की होने के कारण किसी तरह की जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी हुई ▸▸| शेष पेज 12 पर

## भाजपा सेवा सप्ताह में कोरर मंडल ने तुएगुहान में चलाया सफाई अभियान





हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोरर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम के दूसरे दिन भाजपा कोरर मंडल के द्वारा शक्ति केंद्र बारवहीं के बूथ तुएगुहान में सफाई अभियान चलाया गया। सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन 7 अप्रैल सोमवार को भाजपा कोरर मंडल के द्वारा शक्ति केंद्र बारवीं के अंतर्गत बूथ तुएगुहान में सार्वजनिक नल एवं चौक चौराह का सफाई अभियान चलाया गया, इसके उपरांत तुएगुहान की गलियों में जागरूकता रैली निकालकर जनता को सेवा पखवाड़ा के बारे में बताया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को केन्द सरकार व राज्य सरकार के महतवपूर्ण योजना प्रधान मंत्री आवास का हितग्राहियों के बारे में भी चर्चा किया गया। इस योजना का लाभ लेने वाले ग्रामीण बहुत ही प्रसन्न नजर आएं, उनका कहना था कि गरीबों के लिए पक्का मकान मिलना बहुत बड़ी बात है। भाजपा कोरर मंडल के अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने कहा कि ग्रामीणों में भाजपा सरकार की योजनाओं को लेकर उत्साह है और काफी खुश है। हमारा प्रयास है कि सरकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति को मिले, इसलिए सेवा पखवाड़ा के ▸▸| शेष पेज 12 पर

## मुख्य सचिव जैन ने वर्चुअल बैठक में प्रशासनिक तैयारियों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

प्रदेश के मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने 7 अप्रैल को सभी कलेक्टरों की वर्चुअल बैठक लेकर सुशासन तिहार के संबंध में प्रशासनिक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि सुशासन तिहार मुख्यतः जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर आधारित है। जिले से कलेक्टर निलेश क्षीरसागर वीसी कक्ष में उक्त वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सम्मिलित हुए।

मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आज 8 अप्रैल से 31 मई तक जिला सहित पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जाएगा। इसके तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में निवासरत आम जनता की समस्याओं एवं मांगों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 08 से 11 अप्रैल तक आवेदन प्राप्त किया जाएगा तथा ऑनलाइन व ऑफलाइन (समाधान पेटी) दोनों माध्यमों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों की समस्याओं का वास्तविक समाधान किया जाए, साथ ही निराकरण की गुणवत्ता पर भी जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग हो। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर निराकरण के लिए अधिकारियों की टीम गठित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अनुविभाग, तहसील तथा जनपद स्तर पर इसके क्रियान्वयन के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार करने के लिए भी सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया। मुख्य सचिव ने यह भी बताया कि इसके तहत प्राप्त आवेदनों की राज्य स्तर पर ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। अतः संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण गंभीरता एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ करने के लिए निर्देशित करें।

मुख्य सचिव ने आवेदन प्राप्त करने से लेकर उनके समाधान तक प्रत्येक स्तर पर सतत निगरानी रखने के भी निर्देश बैठक में दिए। उन्होंने बताया कि मई माह में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री, केबिनेट मंत्री तथा राज्य स्तर के अधिकारियों द्वारा दौरा कर निराकरण की गुणवत्ता परखी जाएगी। हर हाल में समस्याओं के निराकरण की गुणवत्ता पर फोकस करने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




शहर में दो वाटर एटीम लगे, पहले दिन से साबित हुए सफेद हाथी

## शहर के सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ घर नहीं राहगीरों को पीने के पानी की हो रही भारी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



शहर में कई सार्वजनिक स्थानों में पेयजल की कोई सुविधा नहीं है। कुछ सार्वजनिक स्थानों में जो वाटर एटीएम कई साल पहले लगाए गए थे, वो पहले दिन से सफेद हाथी साबित हुए है। यही नहीं गर्मियों में अब तक किसी भी सार्वजनिक स्थान में प्याऊ तक नहीं खोले गए हैं। इसकी वजह से लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। खासकर गांव-गांव से आने वाले गरीबों को पानी के लिए ज्यादा परेशान होना पड़ रहा है। नगरपालिका में पहली बार भाजपा की सरकार बनी है और उनसे लोगों की लगातार आपेक्षाएं भी बढ़ी है। तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है और लोगों को गर्मी सताने लगी है। अप्रैल के पहले सप्ताह से गर्मी आसमान को छू रही है। शहर व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का कहना है कि शहर के नए बस स्टैंड के पास नए बाजार स्थल में पानी की ज्यादा समस्या है। बुधवार व रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है। नए बाजार में पीने के लिए पानी की किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं है। नए बाजार में दुकान लगाने वाले व्यापारियां का कहना है कि नए बाजार स्थल में पीने के पानी की काफी ज्यादा समस्या है। जिला अस्पताल जहां बड़ी संख्या में मरीज तथा उनके परिजन पहुंचते हैं, यहां भी पानी को लेकर समस्या है। जिला अस्पताल परिसर के अंदर हैंडपंप जरूर लगा है, लेकिन यह भी खराब पड़ा है। हैंडपंप से बिल्कुल पानी नहीं आ रहा है। परिसर में एक और हैंडपंप हैं, उसका भी हाल बेहाल है।

### घड़ी और मस्जिद चौक पर भी पानी समस्या


घड़ी चौक में भी बस स्टापेज है, लेकिन यहां भी पानी की कोई सुविधा नहीं है। अस्थायी दुकानदारों के साथ राहगीरों को भी परेशान होना पड़ता है। पीजी कालेज से लेकर ठेलकाबोड़ तक कहीं पर भी हैंडपंप या वाटर कूलर नहीं है। मस्जिद के सामने बस स्टापेज है, लेकिन पानी को लेकर कोई सुविधा नहीं है। नए बाजार स्थल की तरह तहसील आफिस में भी पानी की बहुत दिक्कत होती है।

### एक भी प्याऊ घर नहीं खोला

अप्रैल माह शुरू हुए आठ दिन हो गए और गर्मी भी सातवें आसमान पर नजर आने लगी है, परंतु अभी तक शहर में एक भी प्याऊ घर नहीं खोला गया है। नगरपालिका व अन्य समाज सेवी संस्था प्याऊ घर शुरू करते थे, लेकिन इस साल अप्रैल माह को गुजरे एक सप्ताह हो गए है, कहीं भी प्याऊ घर नहीं खोला गया है। पीने के पानी के लिए सार्वजनिक स्थल पर लोगों को भटकते हुए देखा जा सकता है।

## सड़क किनारे गाड़ी पार्किंग पर मारपीट आरोपियों के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर



शहर के अन्नपूर्णापारा में चार पहिया वाहन को मोहल्ले में खड़ी करने की बात को लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंची अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 40 वर्षीय मधु तिवारी पति विजय तिवारी ने पुलिस को बताया कि 2 अप्रैल को अनिल दुबे ने अपनी पिकप वाहन को रोड पर खड़ा करके रखा था, जिससे आने-जाने में दिक्कत होती है। मेरा देवर अपनी इनोवा वाहन से अपने घर आ रहा था और सुशील दुबे द्वारा रोड पर खड़ी किए गए पिकप वाहन से इनोवा के टकराने से इनोवा में स्क्रेच आ गया। सड़क पर गाड़ी खड़ा करने की बात को लेकर इनोवा मालिक ने पार्षद से भी शिकायत किया था। पार्षद से शिकायत करने के अगले दिन 3 अप्रैल को सुबह 11 बजें अनिल व सुशील दुबे मेरे घर आए, उस समय मै घर में अकेली थी। मेरे देवर के बारे में पूछने लगे, तब मै बोली कि क्यों पूछ रहे हो। दोनो ने गाली देते हुए बोला कि तुम्हारा देवर ने पार्षद से हमारा शिकायत किया है, बुलाओ आज उसे जान से मार डालेंगे कहकर चले गए। दोपहर 2 बजे जब घर वाले आए तब मैंने सब घटना को अपने देवर को बताई। मेरे देवर इसी बात को पूछने के लिए आरोपी सुशील दुबे के घर गए, तब वहाँ पर दोनो आरोपी और उसकी दोनो बहनें गाली देते ▸▸| शेष पेज 12 पर

**खबर संक्षेप**

### छात्र-छात्राओं ने स्कूल के लिए मांगा पानी



**भानपुरी।** बस्तर जिला अंतर्गत ब्लाक बस्तर के ग्राम पंचायत-मांदलापाल शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विधालय में विगत दो माह से ट्यूब वेल खराब होने के कारण संस्था में पानी की समस्या हो गई है। नया ट्यूब वेल खनन के लिए जल संसाधन विभाग बस्तर जनपद कार्यालय के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधीयो को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया। लेकिन आज पर्यन्त तक इस ओर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है,जिससे शाला में शौचालय की साफ सफाई, पीने का साफ पानी एवं पेड़ पौधों को नुकसान हो रहा है। पानी की कमी की वजह से स्कूल के कुल 96 छात्र- छात्राओं और 16 स्कूल स्टॉफ को बहुत असुविधा हो रही है इस बात की जानकारी शालानायक कमलनाथ बघेल, उप शालानायक कुमारी पार्वती, कुमारी लखमी, सरिता आदि ने पेयजल के लिए बोर खनन की मांग किया है।

### पुनर्वास केन्द्र में आत्म समर्पित नक्सली बनेंगे साक्षर

**बीजापुर।** नक्सल पुनर्वास केन्द्र में कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जन-जन साक्षर के परिकल्पना को साकार करने जिला प्रशासन की विशेष पहल से अब आत्मसमर्पित नक्सलियों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने का अनुकरणीय प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण करने वालो को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। वहीं वर्षो से भटकाव के वजह से ज्यादातर आत्मसमर्पित नक्सली शिक्षा से वंचित हुए थे उन्हे सकारात्मक विचार धारा प्रदान करने एवं उनके सुनहरे भविष्य के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा संचालित राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के सौजन्य से प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जा रही है।

मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग की, आम जनता से 8 से 11 अप्रैल तक लिए जाएंगे आवेदन

# सुशासन तिहार के आयोजन की तैयारी शुरू करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुशासन तिहारके आयोजन हेतु तैयारी करने सहित कल 8 अप्रैल से आवेदन पत्र प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए माइक्रो प्लानिंग कर जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान हेतु गम्भीरता के साथ पहल किए जाने कहा। साथ ही अभियान के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम जनता को अवगत कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन एवं खाद्य विभाग ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह सहित राज्य शासन के सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से



जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य करेगा।

सुशासन तिहार आयोजन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है।

आम जनता से प्राप्त सभी आवेदनों को स्कैन कर सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा और जिला, जनपद एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को ऑनलाइन व भौतिक रूप से भेजा जाएगा। संबंधित विभाग और अधिकारी लगभग एक माह के भीतर इन आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

सुशासन तिहार के तहत 5 मई से 31 मई के दौरान प्रत्येक 8 से 15 पंचायतों के मध्य समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। नगरीय निकायों में भी आवश्यकतानुसार समाधान शिविर आयोजित होंगे। शिविरों के आयोजन की तिथि की जानकारी आवेदकों को एसएमएस के माध्यम से तथा आवेदन की पावती के माध्यम से दी जाएगी, साथ ही इन तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों की प्रविष्टि भी पोर्टल में की जाएगी। वहीं यथासम्भव आवेदनों का निराकरण मौके पर भी किया जाएगा और शेष आवेदनों का समाधान एक माह में करने सहित आवेदकों को सूचित किया जाएगा।

सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री, मंत्रीगण सहित मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं राज्य शासन के अधिकारी भी शामिल होंगे तथा वहां आवेदकों से भेंटकर उनकी समस्याओं और निराकरण के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इस तिहार को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। आवेदन प्राप्त करने, उनकी प्रविष्टि, मॉनिटरिंग एवं समाधान प्रक्रियाओं के लिए सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है।

### तीन चरणों में होगा आयोजन

सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने सहित एक पोर्टल तैयार किया गया है।

सुशासन तिहार के अंतर्गत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी जाएगी, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था जिला और विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर भी की जाएगी। आवश्यकतानुसार हाट-बाजारों में भी आवेदन संग्रह किये जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी व्यवस्था पोर्टल में रहेगी। जनसाधारण कॉमन सर्विस सेंटर में भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक आवेदन को पोर्टल में पंजीकृत कर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा, साथ ही आवेदनकर्ता को पावती दी जाएगी।

### जनप्रतिनिधियों की होगी भागीदारी

सुशासन तिहार में स्थानीय सांसदों, विधायकों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी होगी। उन्हें समाधान शिविर आयोजन तथा अन्य आवश्यक जानकारियां समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री और मंत्रीगणों द्वारा विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण द्वारा किया जाएगा। विभिन्न योजनाओं से लोगों को मिल रहे लाभ के बारे में फीडबैक लिया जाएगा। प्रभारी सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी अपने भ्रमण के दौरान उक्त निरीक्षण करने सहित आम जनता से भेंट करेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री और मंत्रीगणों द्वारा जिला मुख्यालय पर अधिकारियों की बैठक ली जाएगी, जिसमें समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति और विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी, साथ ही आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही समीक्षा बैठक के उपरांत अथवा उपयुक्त समय पर प्रेसवार्ता लेने सहित विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से भेंट की जाएगी।

## नगरनार मेला में जुटते हैं दो राज्य के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हर साल की तरह इस साल भी ग्राम पंचायत नगरनार में ग्राम देवी मां भण्डारीन के वार्षिक मेला मड़ई की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष रैनु बघेल ने बताया कि 2 राज्य

- मां भण्डारीन का वार्षिक मेला 11 को होगा

ओड़िसा और छत्तीसगढ़ के नाट्य दल और मंडली पूरी रात भर कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं जिसके लिए आकर्षक इनाम भी रखा जाता है। नगरनार के बाजार परिसर में 11 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से रथयात्रा शुरू होगी। मेला में बस्तर



महाराजा कमल चंद्र भजंदेव और जमींदार परिवार के लोग पंहुचते हैं। परम्परा के अनुसार ग्राम देवी की विधिविधान अनुसार पूजा अर्चना होती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष सांसद महेश कश्यप, मंत्री केदार कश्यप, विधायक किरण देव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने चैत्र मेला मड़ई में आकर देवी दर्शन लाभ प्राप्त करने की बात कहीं है।

## हिंगलाजिन मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर विकास आदिवासी क्षेत्र प्राधिकरण की उपाध्यक्ष भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कोंडागांव सुश्री लता उसेंडी परिवार एवं कार्यकर्ताओं के साथ बेड़ागांव में हिंगलाजिन माता के दरबार में माथा टेका और पूजा अर्चना की। 8 अप्रैल को वार्षिक माता मंडई का वार्षिक आयोजन होगा। जिसमें 20 गांव परगना जैतगिरी के विभिन्न देवी देवता पुजारी आसपास ग्रामीणों जन प्रतिनिधि सहित राजमाता साहेब बस्तर स्टेट कृष्णा कुमारी देवी भंजदेव शामिल होंगी। ठाकुर जितेंद्र सिंह बैस द्वारा प्रदत 108 किलो के पीतल घंटे का देवी अर्पित करेंगे। रियासत कालीन इस क्षेत्र की आराध्य देवी हिंगलाजिन के मूल मंदिर बेड़ागांव से प्रारंभ से ही बैंस परिवार, राजगुरु परिवार, जमींदार



परिवार, कुंवर परिवार, राजपरिवार, जन प्रतिनिधि, ग्रामीण एवं रैय्यत का जुड़ाव रहा है और सभी ने अपनी उपस्थिति प्रदान की कल होने वाले मंडाई के लिए सभी हर्षोल्लास के साथ तैयारी कर रहे है और नव दिवसीय अनुष्ठान के समापन पर रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम में रात्रि पारंपरिक भतरा नाट का मंचन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के इस पुनीत सेवा के अवसर मुख्य यजमान सतेंद्र सिंह बैस, स्नेहलता बैस पूर्व जिला पंचायत सदस्य ठाकुर अजय सिंह बैस, सुश्री ललिता कश्यप जिला पंचायत सदस्य लखन कश्यप सरपंच, अनिल सिंह बैस, भगवान सिंह बैस पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रदीप सिंह बैस, संतोष सिंह बैस, रोहित सिंह बैंस, जयभान सिंह राठौर, डीपी देवांगन, जे महेंद्रकांत परेश राव, दाऊ मिल दीपक अग्रवाल, राकेश विष्णु, राहुल जैन, किशन सेठिया, भरत देवांगन, सुदराम सेठिया, अर्जुन पुजारी बेड़ागांव पुजारी परिवार, शिव प्रसाद पांडे, राहुल त्रिवेदी अर्जुन पुजारी समस्त सेवादार, कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

## रेत नही हटी तो इंद्रावती में नही आयेगी पानी : सुब्रतो

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इस समय इंद्रावती नदी में पानी की जो समस्या है , ऐसी स्थिति पहले कभी नही बनी । इस दिशा में अगर अभी पहल नहीं हुआ तो आने वाले वर्ष स्तिथि अब से ज्यादा भयावह होगी। इतना शोर क्या प्रशासन के कानो तक नहीं पहुंचा ।जिला प्रशासन की सुगबुगाहट सुनाई नहीं दी । आज तक जिला प्रशासन ने इस दिशा में कोई पहल किया हो दिखाई नहीं देता ।कलेक्टर बस्तर को एक टीम बनाकर इंद्रावती नदी में आने वाले समय में कैसे पानी रहे इस पर स्वयं काम करना चाहिए। जोरा नाले के बाद जहा से छत्तीसगढ़ की सीमा लगती है इंद्रावती नदी से रेत निकलने युद्ध स्तर पर लगना चाहिए। दलपत सागर से जल कुंभी निकालना जितना जरूरी है उससे ज्यादा जरूरी इंद्रावती से रेत निकालना ।जब तक एक अभियान चलाकर रेत को निकाला जाएगा ,बारिश के समय बचा हुआ रेत पानी से साथ आगे बड़ेगा । बिना रेत को हटाए अगर हम सोचे की ओडिसा की ओर से पानी बस्तर की ओर आएगा तो ये संभव ही नहीं है।आज पूरी इंद्रावती नदी रेत की नदी में परिणित हो चुकी है । सरकार को भी एक वर्ष के लिए रेत की रॉयल्टी फ्री करनी चाहिए। जिन नदियों में रेत के कारण पानी नहीं है । उसमे जान तभी आयेगी जब रेत को हटाया जायेगा ।नदियों में वो नाले जिनसे बारिश के समय पानी आता है।



## एटीएम के पास से बाइक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगरनार थाना क्षेत्र स्थित चोकावाड़ा चौक एटीएम के सामने से बाईक चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी की मदद से पुलिस आरोपी तक पहुंची और आरोपी के कब्जे से चोरी की बाईक कीमत 1.20 लाख रूपए बरामद कर आरोपी को जेल भेजा गया।

बाईक चोरी की रिपोर्ट पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आईपीएस गगन कुमार के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी खंगालते हुए आरोपी तुलसी दास 32 साल निवासी नगरनार पनकापारा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बाईक बरामद किया।

मामले कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी गौतम पात्र निवासी कोटपाड़ ओडिशा ने बताया कि 17 मार्च को चोकावाडा एटीएम के पास अपनी बाईक यामहा एफजेडएस वी 3 क्रमांक ओडी 10 डब्लू 0545 कीमत 1.20 लाख रूपए को खड़ी कर सामने आजाद क्लीनिक में वर्करो का मेडिकल कराने गया था। काम समाप्त होने के बाद वापस आने पर उसकी बाईक को किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया था। काफी तलाश के बाद भी बाईक नहीं मिलने पर उसने मामले कि रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई। पुलिस द्वारा घटनास्थल के करीब मोबाईल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज का पड़ताल करने पर आरोपी द्वारा बाईक चोरी करना पाया गया। जिसके बाद आरोपी का पतासाजी कर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने मोटर सायकल चोरी करना कबूल किया जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से बाईक बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। त्वरित कार्रवाई कर बाईक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी गगन कुमार के अलावा एएसआई दिनेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग व सैनिक राजकुमार कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## उच्च योग साधना शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

उच्च योग साधना शिविर जो 1 से 6 अप्रैल तक आयोजित किया गया। शनिवार को संकल्प दिवस के रूप में समापन हुआ। स्वामी गोरखनाथ सरस्वती जो इस शिविर के संचालन के लिये विशेष रूप से मुंगेर से पधारे थे, शिविर के दौरान 6 दिनों में कई महत्वपूर्ण अभ्यास करवाये। उन्होंने स्वर योग, अजपाजप, योग निद्रा, प्राणायाम आदि के सूक्ष्म व्याख्या के साथ अभ्यास करवाया। शिविर में साधकों ने स्वामी जी के मार्गदर्शन को खूब सराहा। आज समापन के अवसर पर शिविर में भाग ले रहे दौलत सिंह कुशवाह विशेष अतिथि के रूप में सम्मान दिया गया। संकल्प दिवस के कार्यक्रम में गोरखनाथ व दौलत सिंह का स्वागत करने के पश्चात शिवम्‌ योग समिति के अध्यक्ष किशोर पारख ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी साधकों को धन्यवाद देते हुए बिहार योग विद्यालय व गोरखनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया ।कार्यक्रम में आगे सर्वश्री तपन दत्ता, किशोर जाधव, रमेश सिंह सुधा परमार, मंजू लुकड़, निशी मोतीवाला,

वीणा महंत ने अपने शिविर के संस्मरण सुनाये। दौलत सिंह ने सावधानी पूर्वक योग करने की बात कही। गोरखनाथ सरस्वती का तिलक,माला,शाल,श्रीफल से अभिनन्दन किया।अंत में सभी साधकों को बिहार योग विद्यालय मुंगेर से प्राप्त योग साहित्य का प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। कार्यक्रम संचालन गायत्री आचार्य ने किया।

## सिवनागुड़ा में नगरनार मंडल ने भाजपा का मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर नगरनार मंडल द्वारा ग्राम सिवनागुड़ा में पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी, दिनदयाल उपाध्याय व

- जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित
- प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

भारतमाता कि प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग ने भाजपा के प्रारभं से अब तक के सफर पर प्रकाश डालते हुए पार्टी के लिए समर्पित होकर काम करने का आव्हान किया गया। आवास प्लाट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नगरनार मंडल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया के अलावा राजेश शर्मा, सीमांचल दास, रघुराम सेठिया, मोहन सेठिया, गुरुनारायण पाणीग्राही, घनश्याम सेठिया, राधेश्याम प्रेंदे, कल्याण सिंह ठाकुर, गीता मिश्रा, लक्ष्मी व्रत, संगीता महाराणा, तपन राय, मोरध्वज सेठिया, रूपेश समरथ, सूरज नाग, जीतेन्द्र बाकडा, गुरुबंधु कोकडू के अलावा नगरनार मंडल के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



## ग्रामों, हाट-बाजारों सहित सभी शासकीय कार्यालयों में रखी जाएगी समाधान पेटी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने सुशासन तिहार के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि पहले चरण के अंतर्गत 8 से 11 अप्रैल आवेदन पत्र प्राप्त करना है, इसके तहत जिले के सभी ग्रामों के चौक-चौराहों में और हाट-बाजारों में समाधान पेटी रखी जाएगी। साथ ही ग्राम पंचायत कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय, तहसील, जनपद पंचायत कार्यालय, नगर पंचायत कार्यालय, अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) कार्यालय सहित जिला मुख्यालय में कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय और नगर पंचायत व नगर पालिक निगम कार्यालय में



भी समाधान पेटी के माध्यम से जनता की मांग, समस्या, शिकायतों को प्राप्त किया जाएगा। कलेक्टर ने समाधान पेटी के साथ आवेदन लिखने के लिए सहयोगी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। प्रत्येक दिन आवेदन की जांच करने के लिए अधिकारी और मैदानी अमलों की ड्यूटी लगवाने के साथ ही प्रत्येक दिन ब्लॉक में आवेदनों को जमा करने एवं ऑपरेटरों के द्वारा पोर्टल में आवेदन की जानकारी अद्यतन करवाने के निर्देश दिए। पोर्टल में एंट्री की गई आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा निराकरण कर लगातार अपडेट किया जाएगा। साथ ही आवेदन के निराकरण में पात्र-अपात्र का पूरा विवरण का उल्लेख किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन प्राप्त किया जाएगा। कलेक्टर ने दूसरे चरण में 4 मई तक आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण समाधान करने का समय बताया। इसके उपरांत समाधान शिविर 5 मई 31 मई तक मौके पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सुशासन अभियान में जनता से अधिक से अधिक आवेदन लें। ग्राम में सुशासन तिहार के संबंध में अधिक सूचना देने के लिए कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाएँ। ब्लॉक, नगर के वार्डों में माइक से सूचना को प्रसारित करवाएं। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### जरूरतमंद परिवार को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने का प्रयास

**घाटलोहंगा।** जनपद पंचायत बस्तर के बड़े चकवा गांव के सरपंच जनक कश्यप ने अपने उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप के साथ मिलकर ग्रामवासियों के बीच पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे सूची में नाम शामिल करने का कार्य किया। इस पहल के तहत यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी जरूरतमंद परिवार इस योजना के लाभ से वंचित न रहे और सभी का अपना पक्का मकान बनने का सपना साकार हो सके।सरपंच जनक कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य हर व्यक्ति को अपना पक्का घर प्रदान करना है। इस योजना के तहत गांव के सभी पात्र परिवारों के नाम सर्वे सूची में शामिल करने के लिए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से गांव का दौरा किया और ग्रामवासियों से मुलाकात की।

पेज 11 के शेष...

### सीएम साय ने...

विकास हुआ है। प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। 25 वर्षों में आईआईएम, आईआईटी और ट्रिपल आईटी जैसी संस्थाएं प्रदेश में स्थापित हुई हैं। बस्तर का कलंक नक्सलवाद से लड़ाई लड़ने का काम किया जा रहा है। नियद नेल्लानार योजना के दायरे में विस्तार किया जा रहा है। आने वाले साल में नक्सलवाद का समूल खत्म करना है। उन्होंने विश्वास जाहिर करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प अवश्य पूर्ण होगा।

### दूध नदी पुल...

है कि मृतक किससे टकराकर और किस तरह से पुल के नीचे गिरा है। घटना की जानकारी टिकरापारा के लोगों को सुबह मिली और दिनभर घटनास्थल को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। यह पहला हादसा नही है, इस पुल से एक से दो साल पहले एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दिया था। इस पुल हर एक से दो साल में इस तरह का हादसा होता रहता है। थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि रात को लगभग सवा दो बजे घटना की जानकारी मिली। पुलिस ने तत्काल युवक को उठाकर जिला अस्पताल ले गई। चिकित्सकों ने मृत बताया। शव का पीएम करवाकर परिजनों को सौंपा गया। मर्ग कायम किया गया है और जाँच के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

### भाजपा सेवा सप्ताह...

तहत ग्रामीणों से संवाद करके सरकारी योजनाओं पर भी चर्चा किया जा रहा है।

आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दूसरे दिन मंडल महामंत्री जय शिवना, सेवा पखवाड़ा सह संयोजक कुलेश्वर नेताम,मंडल मंत्री भारती कोर्राम, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष ईश्वर यदु, बालसिंह उयके, जैतकुमार सलाम, उमेश सलाम, बिंदा सलाम, लखनतीन, रामकुमार, सुखदास, रोहित, पार्वती, सुबरो सलाम सहित सभी कायकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सड़क किनारे गाड़ी...

हुए जान से मार देंगे कहकर डंडा से मारपीट किया, जिससे विनोद के बांए हाथ, गला, पीठ एवं आंख के पास चोट आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सुशील दुबे, अनिल दुबे, ममता दुबे और रानू दुबे के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर जयंती मनाने हुई बैठक

**लोहंडीगुड़ा।** सर्व समाज के द्वारा विकास खंडस्तरीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह मनाने हेतु आम्बेडकर भवन लोहण्डीगुड़ा में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न समाज के लोग उपस्थित रहे तथा अपने-अपने विचार व्यक्त किये। अम्बेडकर जयंती के अवसर पर बाईक रैली का भी आयोजन किया गया है। साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों में रैली के माध्यम से पहुंच कर बाबा साहेब आंबेडकर को उनके जन्मदिवस पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की जाएगी।

### एनसीसी कैडेटों ने मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**भोंड।** छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन एनसीसी परचनपाल के कमान अधिकारी कर्नल चंचल दास गुप्ता व सुबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह के दिशा निर्देश से इस यूनिट के अधिनिस्त एनसीसी संचालित है। बस्तर संभाग के विद्यालय एवं महाविद्यालयों में एन सी सी कैडेटों ने 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर डॉक्टर द्वारा लेक्चर एवं स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दिया गया और योग कराया गया जिसमें 214 कैडेट्स ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पीआई स्टाफ और एएनओ उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्रेशन मेला 12 तक

**दंतेवाड़ा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ''पीएम इंटर्नशिप स्कीम 2.0'' में पंजीयन के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम में 12 अप्रैल तक रजिस्ट्रेशन मेला का आयोजन किया जा रहा हैं।

### प्रवेश परीक्षा 20 को

**दंतेवाड़ा।** आदिवासी विकास शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को वर्ष 2025-26 में प्रयास विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 20 अप्रैल को निर्धारित है।

## कला पथक दलों के लिए राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच बना

# जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषणों के प्रदर्शन विधा में दन्तेवाड़ा रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विगत दिवस मुख्यालय के हाई स्कूल ग्राण्उड में सम्पन्न हुए संभाग स्तरीय ऐतिहासिक बस्तर पंडुम का आयोजन कई मायनों में गहरी छाप छोड़ गया। बस्तर पंडुम केवल एक महोत्सव नही, बल्कि यह पुरातन आदिम जीवन का समग्र दर्पण था। इस उत्सव ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जनजातीय समाज ने पीढ़ियों से अपने संस्कृति, लोक नृत्य, संगीत वेशभूषा, खानपान,की विरासत को जीवंत बनाए रखा हैं। कुल मिलाकर बस्तर पंडुम स्थानीय कला पथक दलों के लिए एक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच बन कर उभरा। जहां इन लोक सांस्कृतिक कलाकारों ने अपने लोक संगीत, नृत्य, कलाकृतियां प्रदर्शित कर यह सुनिश्चित किया कि हमारी समृद्ध विरासत अगली पीढ़ी तक पहुंचे।



बस्तर पंडुम में सात विधाओं जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्य यंत्र, वेशभूषा एवं आभूषण, शिल्प एवं चित्रकला, पेय पदार्थ एवं व्यंजन स्पर्धाओं में विजेता दलों को पुरस्कृत किया गया। इसके अन्तर्गत जनजातीय नृत्य, में कोण्डागांव प्रथम स्थान, दन्तेवाड़ा द्वितीय स्थान, कांकेर का तृतीय स्थान रहा। इस तरह जनजातीय गीत स्पर्धा में नारायणपुर प्रथम स्थान, कोण्डागांव द्वितीय स्थान, दन्तेवाड़ा को तृतीय स्थान मिला। जनजातीय नाट्य प्रतियोगिता में नारायणपुर प्रथम, बस्तर द्वितीय, दंतेवाड़ा तृतीय, जनजातीय वाद्ययंत्र का प्रदर्शन में कांकेर प्रथम, कोण्डागांव द्वितीय, सुकमा तृतीय, जनजातीय वेशभूषा एवं आभूषण का प्रदर्शन में दन्तेवाड़ा प्रथम, नारायणपुर द्वितीय, बस्तर तृतीय, जनजातीय शिल्प एवं चित्रकला का प्रदर्शन में नारायणपुर प्रथम, दन्तेवाड़ा द्वितीय, बस्तर तृतीय, जनजातीय पेय पदार्थ एवं व्यंजन का प्रदर्शन में बीजापुर प्रथम, सुकमा द्वितीय, नारायणपुर तृतीय स्थान रहा।

# सुशासन तिहार आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पूरे राज्य में सुशासन तिहार का आयोजन 8 अप्रैल से प्रारंभ हो रहा है। मांगों और

- समस्याओं के समयबद्ध निराकरण का नव अभियान

समस्याओं का औचित्यपूर्ण निराकरण, जन कल्याणकारी योजनाओं का लक्षितवर्गों तक पहुँच सुनिश्चित करना सुशासन तिहार का मुख्य लक्ष्य होगा।

सुशासन तिहार के अन्तर्गत मांगों और समस्याओं के तीन चरण निर्धारित है। इसके तहत प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल तक होगा जिसमें आम जन अपने-अपने पंचायत, ब्लाक, एवं निकाय कार्यालयों में रखी समाधान पेटी में अपने शिकायत दर्ज करा सकेगें।

जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में आठ से 11 अप्रैल तक ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

द्वितीय चरण में आवेदनों के निराकरण के लिए लगभग एक माह (12 अप्रैल से 4 मई 2025) का समय तय किया गया हैं इसमें संबंधित जिला, जनपद, एवं नगरीय निकाय के अधिकारी समस्याओं के समाधान हेतु स्वयं पहुचेगें।

तृतीय चरण (5 से 31 मई) में निर्धारित स्थलों पर समाधान शिविर लगाए जाएंगे इन समाधान शिविर में आवेदकों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जावेगी।

# भाजपा स्थापना दिवस पर दिखा गजब का उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को ग्राम पंचायत हारम के चौक में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय नागरिकों ने भी भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ इस गौरवशाली दिन को मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से की गई। इसके पश्चात भाजपा की विचारधारा, संगठन की यात्रा और राष्ट्र निर्माण में पार्टी की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। दीपक बाजपेई और अनिल जॉर्ज ने अपने संबोधन में भाजपा के गौरवशाली इतिहास, विकासोन्मुख नीतियों और संगठनात्मक मजबूती की चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किया है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे विरेश मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे भाजपा के मूल मंत्र सेवा ही संगठन को आत्मसात करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश कुशवाह, पुतान सिंह, श्याम सिंह, ममता गुप्ता, ओम सोनी, विशाल जैन, नपा उपाध्यक्ष माधुरी गुप्ता, पार्षद विनोद साहू, अवधेश गुप्ता, रुद्र ताती, संतोष साहू, उद्देश्वरी देवांगन, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अनीश जॉर्ज, हरमिंदर सिंह, गोविन्दा राव, सुमित, कृष्णा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष के साथ अंत में सभी कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया।

# जय सिया राम से गूंज उठी व्यावसायिक नगरी गीदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाडा जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सुबह से ही बाबा रामदेव मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही । सुबह 10 बजे से मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के दौरान रामायण एवं भजन का भी आयोजन किया गया। इसके पश्चात शाम 4 बजे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। वही शाम 6 बजे से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के बाबा रामदेव मंदिर से शुरू होकर हारम तिराहे व वापस नगर पंचायत कार्यालय से बाबा रामदेव मंदिर पहुँची। इस भव्य शोभायात्रा में भगवान स्वरूप रथ पर विराजमान छोटे-छोटे बच्चे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान जी की वेशभूषा





धारण किये हुए थे जो पूरे शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बने रहे। वही रथ के सामने चल रहे बस्तर का ढोल नृत्य मानो इस रथ की शोभा दोगुनी कर रहा हो। इधर शोभायात्रा में युवाओ के साथ-साथ महिलाओं में भी उत्साह देखा गया। लोग भगवान श्री राम की भक्ति में डीजे के धुन में जमकर झूमते व थिरकते नजर आए। जगह-जगह पटाखे फोड़ कर जश्न भी मनाया गया। इधर शोभायात्रा विराम के बाद बाबा रामदेव मंदिर में भगवान श्री रामजी की आरती की गई इसके पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ। इधर इस पूरे आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रीराम जन्मोत्सव समिति गीदम के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने नगर के सभी रामभक्तो का आभार भी जताया।

रामनवमी पर्व में शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी न हो इसके लिए फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था करवाई गई थी।

### पोषण पखवाड़ा का आयोजन 22 तक

**जगदलपुर।** पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से वर्ष 2018 से पोषण अभियान का संचालन किया जा रहा है। व्यक्तिगत एवं समुदाय स्तर पर पोषण संबंधित व्यवहार परिवर्तन पोषण अभियान का एक मुख्य उद्देश्य है। उद्देश्य प्राप्ति हेतु जन आंदोलन घटक अंतर्गत प्रति वर्ष विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर पोषण पखवाड़ा का आयोजन मार्च-अप्रैल में किया जाता है। इसी कड़ी में भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार इस वर्ष भी कल 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर हरिस एस ने इस पोषण पखवाड़ा की गतिविधियों में अधिकाधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करवाने हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा है कि पोषण पखवाड़ा के दौरान आयोजित गतिविधियों में सभी के समेकित व सक्रिय सहयोग से जनसाधारण, स्व सहायता समूहों के सदस्यों और ग्रामीणों की व्यापक सहभागिता हो सकेगी।

## नियद नेल्लार से ग्रामीण कुक्कुट पालन की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार के तहत अंदरूनी गांवो में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ व्यक्तिगतमूलक योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे ग्रामीण शासन के सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन स्तर पर व्यापक सुधार ला सके। इसी क्रम में कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश पर व्यक्तिगतमूलक हितग्राहियों को आर्थिक गतिविधि से जोड़ने के लिए ग्राम पंचायत पालनार में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा ग्रामीणों को 35 यूनिट बैकयार्ड कुक्कुट इकाई का वितरण कर कुक्कुट पालन के योजना के बारे में ग्रामीणों को बताया गया एवं तकनीकी जानकारी दी गई।

# भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

7हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर थाना के सामने स्थित भाटीपारा में माता समिति द्वारा दसवीं के पावन अवसर पर भव्य महा भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन की भव्यता इतनी रही कि हाईवे से गुजरने वाले राहगीर और वाहन चालक भी रुककर श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण करते नजर आए।



समिति के सदस्यों ने पूरी श्रद्धा के साथ आयोजन की व्यवस्था संभाली और प्रसाद वितरण में अहम भूमिका निभाई। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, यह आयोजन न केवल धार्मिक भावना को जागृत करता है बल्कि सामाजिक एकता का भी संदेश देता है।

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों की सहभागिता और श्रद्धा देखने योग्य रही। आयोजन का समापन भजन-कीर्तन और आशीर्वचन के साथ हुआ। इस दौरान दुपसिंग पारकर, सोनू तोमर, राम प्रसाद मौर्य, रामबती मौर्य, उमा तिवारी, ज्योति साहू, नीलम तोमर, सुषमा पटेल, दर्शिता तिवारी, निहारिका साहू, आस्था तोमर, जानवी मरकाम, नैतिक साहू, पार्थ शुक्ला, सहित सहयोग कर्ता उपस्थित थे।

## आंबेडकर जयंती पर हुई सर्व समाज की बैठक

**जगदलपुर।** शनिवार को भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का 134वीं जयंती मनाने सतनाम भवन में रखा गया था जिसमें सर्व आरक्षित वर्ग एवं अल्पसंख्यक से प्रमुख जनों ने एक कोर कमेटी आहूत कर 14 अप्रैल को बाबा साहेब के जयंती संबंधित आहूत दिया गया है जिसमें सभी समाज के प्रमुख जनों ने निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर , मुश्लिम समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी वशिम अहमद, ओबीसी समाज के संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु, सतनामी के संरक्षक आईपी बंजारे, सतनामी समाज के भंडारी राजू कोशले, बौद्ध समाज अध्यक्ष पीडी मेश्राम, सतनामी समाज के पूर्व अध्यक्ष रूपेश नागेकर जी,आदिवासी समाज जिलाध्यक्ष गंगा राम नाग, अखिल भारतीय परिसंघ अध्यक्ष सतीश वानखड़े समेत अन्य समाज के लोग मौजूद रहे।



# जिला चिकित्सालय में शुरू किया गया ब्रेन हेल्थ क्लिनिक सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला चिकित्सालय में ब्रेन हेल्थ क्लिनिक प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में शुरू किया गया ब्रेन हेल्थ क्लिनिक'' मानसिक

- न्यूरोलॉजिकल समस्या का किया जाएगा उपचार

और तंत्रिका स्वास्थ्य की देखभाल, उनके विकारों और मस्तिष्क से सम्बंधित समग्र देखभाल के क्षेत्र में अत्याधुनिक सेवाएं प्रदान करेगा। इस क्लिनिक में तनाव, अवसाद, चिंता, भूलने की बीमारी, मिर्गी, पार्किंसन, सिरदर्द, अनिद्रा, स्ट्रोक के बाद की पुनर्वास सेवाएं और अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्या का उपचार किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. देश दीपक ने बताया कि ''ब्रेन हेल्थ क्लिनिक'' का उद्देश्य मस्तिष्क स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए लोगों को बेहतर जीवन जीने के लिए सहयोग देना है। आधुनिक तकनीकों और अनुभवी विशेषज्ञों टीम के साथ उपस्थित चिकित्सक मानसिक स्वास्थ्य से ग्रस्त मरीजों का समग्र वैज्ञानिक संवेदनशील देखभाल करेंगे। ''ब्रेन हेल्थ क्लिनिक'' नीति आयोग और जिला प्रशासन की एक सराहनीय पहल है। इसके साथ ही कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया और ओ.टी. जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।



# करंदोला में रामनवमी धूमधाम और श्रद्धा से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

ग्राम करंदोला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव, रामनवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण रहा। उत्सव की शुरुआत हनुमान मंदिर से शीतला माता मंदिर तक निकाली गई भव्य कलश और शोभा यात्रा से हुई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान राम के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। महिलाओं ने पारंपरिक वेश में कलश धारण कर यात्रा को और भी दिव्य बना दिया। शीतला माता मंदिर में नौ कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर कन्या भोज आयोजित किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। करंदोला से जगदलपुर तक एक भव्य बाइक रैली निकाली गई। युवाओं ने भगवा ध्वज लहराते हुए और भगवान राम के जयकारे लगाते हुए रैली में भाग लिया। यह रैली पूरे रास्ते आकर्षण का केंद्र रही। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में ग्राम करंदोला के सभी श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उनके परिश्रम और सहयोग से यह उत्सव यादगार बन गया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



## बस का इंतजार कर रहे यूपी के दो तस्करों से लाखों का गांजा बरामद

**जगदलपुर।** बस्तर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। ओडिशा से गांजा लेकर यूपी जाने की फिराक में बस का इंतजार कर रहे दो तस्करों को बोधघाट पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से 20.495 किलोअवैध गांजा बरामद किया गया जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 2 लाख 5 हजार रुपए आंकी गई है। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि दो तस्कर गांजा के साथ बस स्टेण्ड में मौजूद है। मौके पर पहुंची टीम ने आरोपी दीपक कुमार 26 वर्ष व अरविन्द 20 वर्ष दोनों निवासी ग्राम श्रवत चौपाल डुरंग थाना रोहट जिला पुठखास जिला मेरठ यूपी के रहने वाले है। दोनों को बस स्टेण्ड के शौचालय के करीब घेराबंदी कर पकड़ा गया। दोनों अपने पास दो पिट्ठू बैग रखे थे जिससे मादक पदार्थ गांजा की महक आ रही थी।

## सुझाव को युवा नीति में करेंगे समाहित : तोमर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय तोमर के मुख्य आतिथ्य में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को टाउन हॉल जगदलपुर में आयोजित किया गया। युवा संवाद कार्यक्रम में स्कूल एवं महाविद्यालय के एनएसएस कैडेट एवं नर्सिंग कॉलेज के युवाओं ने भाग लिया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री तोमर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की युवाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी युवाओं को दी जाए। इन योजनाओं से उन्हे लाभान्वित करने के लिए व्यापक पहल किया जाए। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र के स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकता के अनुसार जो बदलाव संबंधी सुझाव युवाओं के द्वारा दिए जाएंगे।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मुठभेड़ की जांच के लिए दण्डाधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेश क्षीरसागर ने जिले के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत 20 मार्च को ग्राम कुरूसनार के जंगल पहाड़ी में पुलिस-माओवादी मुठभेड़ की घटना की निष्पक्ष जांच के लिए संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व पखांजूर एएस पैकरा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि उक्त घटना में चार नक्सली (माओवादी) की मृत्यु की गंभीरता को दृष्टिगत करते हुए निर्धारित 12 बिन्दुओं पर अपना जांच प्रतिवेदन तैयार कर 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने का आदेश कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा दिया गया है।

### घायल की हुई मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत तिरयारपानी ठेमा निवासी 64 वर्षीय महेश महावीर पिता स्व. जयलाल की ईलाज के दौरान रायपुर के डीकेएस अस्पताल में 29 दिसंबर को मौत हो गई। रायपुर के थाना में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी कांकेर थाना पेश कर बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। कांकेर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### आमाकड़ा का दो दिवसीय वार्षिक देव मेला 14 से

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड कांकेर के ग्राम आमाकड़ा में दो दिवसीय देव मेला का आयोजन 14 अप्रैल से किया जाएगा। देवमेला में आसपास के देवी देवता, गायता, पटेल, मांझी, पुजारी व ग्रामीण शामिल होंगे। पंचायत स्तर पर मेला स्थल में साफ सफाई कराई जा रही है, ताकि मेले में आने वाले व्यापारी और घूमने वालों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। यह जानकारी सरपंच कैलाश नेताम ने दी।

### आग में जलने से मासूम की मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत दुधावा चौकी क्षेत्र के ग्राम मुसुरपुट्टा निवासी डामेंद्र कुमार मरकाम पिता अकबर आग में झूलस गया, जिससे उसकी मौत हो गई। डीकेएस अस्पताल रायपुर से मर्ग डायरी पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक मृतक आग में जल गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी 7 नवंबर को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण होगा 12 को

**जगदलपुर।** नागार्जुन बौद्ध विहार विकास समिति किरंदुल के द्वारा लौह नगरी में तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की जा रही है।

### पर्व : शोभायात्रा में नजर आईं भगवान राम व हनुमान जी की चलित झांकी

# भगवान श्रीराम की निकाली गई शोभायात्रा श्रद्धालुओं ने जगह-जगह किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राम नवमीं के अवसर पर श्री रामजी की सेना के तत्वाधान में भगवान राम का शोभायात्रा रात को निकाली गई। जगह जगह पर श्रद्धालुओ ने भगवान राम का स्वागत किया। शोभायात्रा का समापन रात 1 बजे के बाद हुआ।

श्रीरामजी की सेना ने हिंदू नववर्ष के पहले दिन सिंगारभाट के हनुमान मंदिर से बाइक रैली निकाली, जो शीतला मंदिर में समापन हुई। 6 अप्रैल को शाम 7 बजे के बाद शीतला पारा के शीतला मंदिर से शोभायात्रा निकली, जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। डीजे कि धुन के साथ भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियों ने भी भाग लिया। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में डीजे के धुन पर झुमते हुए नजर आए। बच्चे भगवान राम के रूप में नजर आए। साथ में भगवान राम व हनुमान की चलित झांकी भी नजर आई, वही सामने की पंक्ति में बस्तर से आए लोक नृतक दल पारंपारिक वेशभूषा में थे, जो लोक नृत्य करते हुए नजर आए। इसके बाद की पंक्ति में भगवान राम की आकर्षक मूर्तिया एक रथ में रखी हुई थी। श्रद्धालुओ ने रास्ता रोककर भगवान राम का पूजा किया। जगह जगह पर शोभयात्रा का स्वागत किया गया।

आमापारा पेट्रोल चौक में पार्षद नरेंद्र साहू व उनके समर्थको ने खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। पुराना बस स्टैंड में सिंध समाज के युवाओ ने शोभायात्रा में शामिल लोगो को आईसक्रीम, जूस व बिस्कुट वितरण किया गया। शोभायात्रा को देखने के लिए शहर में काफी ज्यादा लोगो की भीड़ जगह जगह जगह उमड़ी। शोभायात्रा से रास्ते में जगह जगह यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। शोभायात्रा शीतलापारा के शीतला मंदिर से संजय नगर, कलेक्टर बंग्ला से मुख्य मार्ग ऊपर नीचे रोड, पेट्रोल पंप, मस्जिद चौक, पुराना बस स्टैंड से गांधी उद्यान से होते हुए राजापारा वार्ड के राम जानकी मंदिर में पहुंचा, जहाँ मंदिर में भगवान राम की पूजा हुआ।

आयोजित शोभायात्रा में नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, जिला भाजपा अध्यक्ष महेश जैन, दिलीप जायसवाल, दीपक खटवानी, नपा उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पार्षद हितेंद्र खटवानी, राकेश शर्मा, नीलू शर्मा, श्रीरामजी के सेना की पूरी टीम व शहरवासी भी शामिल रहे।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगाया, आरोपी जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नाबालिक को शांदी का झांसा देकर बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को नाबालिग के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे कोर्ट ने न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पीड़िता के परिजनों ने 4 मार्च को भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत किया था कि मेरी बेटी 2 मार्च को दोपहर 12 बजे घर से अपनी नानी गांव दसवीं की परीक्षा दिलाने जाने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन नानी के घर नहीं पहुंची। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस कायम कर नाबालिग के खोज में पुलिस डट गई। भानुप्रतापपुर थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने आरोपी की पतासाजी करने टीम गठन किया गया। टीम ने नाबालिग के मोबाईल की लोकेशन की पतासाजी किया और लोकेशन के आधार पर टीम रवाना होकर अंबिकापुर पहुंच कर पता तलाश किया गया। पता तलाश के दौरान अंबिकापुर के बाबूपारा किराए के मकान मे आरोपी विषम साहू के कब्जे से नाबालिग को बरामद किया जाकर थाना भानुप्रतापपुर लाकर गवाह के समक्ष दस्तयाब किया गया। नाबालिग युवती से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर अपने पास रखना एवं किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नहीं होना बताया गया। गठित टीम सहायक उपनिरीक्षक रजनीश गजभिए, आरक्षक नरेश गावडे, महिला आरक्षक अंजू मांडवी, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक मनीराम भोई, आरक्षक हेमेश्वर मांडवी के योगदान से आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

# जायसवाल निको इंडस्ट्रीज की खदानों को मिला अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




भारतीय खान ब्यूरो द्वारा 8 वां वार्षिक खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण 2024 के लिए विभिन्न श्रेणियों में जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कांकेर जिला स्थित मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान और लायन डोगरी लौह अयस्क खदान को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारतीय खान ब्यूरो द्वारा आयोजित वार्षिक खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह रायपुर में 4 अप्रैल को मुख्य अतिथि नागपुर स्थित भारतीय खान ब्यूरो के मुख्य खान नियंत्रक पीयूष नारायण शर्मा की उपस्थिति में हुआ। उन्होने कहा कि प्राइवेट कंपनियों के कार्यो का जायजा लेकर विभिन्न श्रेणियों में पुरूस्कार की घोषणा और वितरण किया जाता है। निको कंपनी को खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण पखवाड़ा 2024 के लिए मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को छः श्रेणियों में पुरस्कार मिले जिसमें सिस्टेमेटिक एंड साइंटिफिक डेवलपमेंट में प्रथम पुरस्कार मिनिरल बेनिफिकेशन, एफारेस्टेशन एवं ओवरआल परफारमेंस के लिए, द्वितीय पुरस्कार तथा वेस्ट डंप मेनेजमेंट के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया साथ ही साथ मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को पूरे छत्तीसगढ राज्य में एकमात्र पर्यावरण बन्धु पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इसके अलावा लायन डोंगरी लौह अयस्क खदान को फाइनल माइनिंग क्लोजर प्लान के सही एवं पूर्ण तरीके से क्रियान्वयन के लिए भी प्रथम पुरस्कार प्रदान दिया गया। पुरस्कार कंपनी के अध्यक्ष (खदान) टी. प्रसन्ना कुमार एवं उनके टीम ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए कंपनी के कार्यकारी निदेशक एस. के. स्वेन ने अपनी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### माड़िया चौक पर तलवार के हमले से युवक गंभीर

**जगदलपुर।** बोधघाट थाना क्षेत्र के माड़िया चौक में तलवार लहराकर गुण्डागर्दी करते हुए युवक पर हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हमले में प्रार्थी को गंभीर चोट आई थी जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को तलवार के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।
गुण्डागर्दी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी आकाश श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम द्वारा मौके पर पहुंच कर आरोपी करण कश्यप 20 वर्ष निवासी कुम्हारपारा माड़िया चौक को तलवार के साथ गिरफ्तार किया गया।

# जल ही जीवन है, इसका समुचित उपयोग कर भविष्य के लिए बचाएं : पंडित भेषमणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

- धनेलीकन्हार में हुआ भागवत कथा का आयोजन, निकाली गई कलश यात्रा



धनेलीकन्हार में भागवत कथा का आयोजन सेन परिवार के सीताराम व तामेश्वर सेन के द्वारा किया गया। भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ जो स्थल से प्रारम्भ होकर मां शीतला मंदिर होते हुए ग्राम का भ्रमण कर वापिस कथा स्थल पहुंची।

कथा वाचक पंडित भेषमणी द्विवेदी ग्राम बाबु दबेना के मुखारबिंद से सातों दिन भगवत कथा का वाचन, सुमधुर, भजन व संगीत के माध्यम से हुआ। भागवत कथा के दुसरे दिन सृष्टि वर्णन परिक्षित जन्म, वारह अवतार, हिरण्याक्ष वध, तीसरे दिन कपिल अवतार, सती चरीत्र, ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, चौथे दिन अजामिल कथा, वृतासुर कथा, प्रहलाद कथा, गजेन्द्र मोक्ष कथा, पांचवें दिन समुद्र मंथन, वामन अवतार, कृष्णा जन्म उत्सव, छटवे दिन कृष्णा बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी विवाह, सातवें दिन सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभा यात्रा व आठवें दिन गीता पाठ किया गया। कथा वाचक ने वर्तमान समय में भागवत कथा श्रवण के फायदे बताते हुए कहा की जो मनुष्य इस कलीकाल में पुरे भक्ति भावना से इस भागवत कथा का श्रवन करता है तो वह रोगी रोंग मुक्त हो जाता है तथा निस्संतान को संतान की प्राप्ति होती है। निर्धन धनवान बन जाता है तथा तनाव भरी जिंदगी में मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा की हम लालच वंस अपने ग्राम की गलियों को धीरे धीरे अतिक्रमण कर संकरा कर चुके हैं और आज हम चाहते हैं की हमारे पास गाड़ी मोटर कार हो। ऐसे में क्या वह गाड़ी हमारे घरों तक पहुंच पायेगी, ऐसे में अपनी सुख सुविधा के लिए ली गई गाड़ी किस काम की। उन्होंने कहा की जल ही जीवन है इसका समुचित उपयोग कर अपने आने वाले भविष्य के लिए इसे बचाकर रखने का निवेदन किया।

# बस्तर पण्डुम स्पर्धा के विजेताओं को कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं



**कांकेर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बस्तर की आदिवासी लोक संस्कृति, परम्परा और जीवन शैली को सहेजने व संरक्षित करने के उद्देश्य से ब्लॉक, जिला और संभाग स्तर पर बस्तर पण्डुम का आयोजन किया गया। इसके तहत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का समापन शनिवार 5 अप्रैल को सम्पन्न हुआ, जिसमें विजेता दलों और प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

आदिवासी वाद्य यंत्र की श्रेणी में जिले के कोयलीबेड़ा ब्लॉक के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें केंद्रीय गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने 50 हजार रुपए का चेक, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। दल के मोहनलाल उसेंडी और पंकज उसेंडी ने यह सम्मान प्राप्त किया। इसी तरह जनजाति नृत्य शैली में कांकेर जिले को तीसरा स्थान मिला। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर से विजेता दलों के प्रतिनिधियों ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सौजन्य भेंट की। कलेक्टर ने सभी विजेता दलों के प्रतिनिधियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जया मनु भी उपस्थित रहे।

# इंद्रावती नदी पानी मसले पर कलेक्टर से मिला मुक्ति मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



निरंतर सूख रहे इंद्रावती नदी की अस्मिता और संरक्षण को लेकर अपनी बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने 7 अप्रैल को मोर्चा के पदाधिकारीयों के साथ कलेक्टर एवं जल संसाधन विभाग के ईई से मुलाकात की। सूख रही नदी को लेकर अपनी चिंता के साथ इंद्रावती नदी में जल संरक्षण उड़ीसा के साथ जल वितरण एवं सिंचाई को लेकर अपनी बात को रखा। उन्होंने कहा कि सूख रही इंदिरा नदी इंद्रावती नदी को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर के निर्वाचित प्रतिनिधि एवं प्रशासन के साथ बस्तर के साथ ओडिशा प्रशासन व सरकार के बीच इस विषय को गंभीरता से रखा जाना जरूरी था। हमें विश्वास है कि समय रहते इस विषय में निदान ढूंढा जाएगा। इस दौरान मुक्ति मोर्चा के पद अधिकारियों के रूप में नगर मंडल अध्यक्ष मेहताब सिंह, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष प्रिया यादव, बस्तर विधानसभा अध्यक्ष नीलांबर भद्रे, विधानसभा महामंत्री नरपति बघेल, युवा विंग जिला अध्यक्ष आकाश आनंद समेत पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की काउंसिलिंग ब्लाकों में होगी

- 21 अप्रैल तक किया जाएगा काउंसिलिंग कैप का आयोजन

**कांकेर।** जिले के सभी विकासखण्डों में विभिन्न रोजगारोन्मुखी कोर्स में प्रशिक्षण के लिए 21 अप्रैल तक काउंसिलिंग कैप का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत आजीविका महाविद्यालय कांकेर एवं अंतागढ़ में जिले के बेरोजगार युवाओं के कौशल उन्नयन के लिए रिटेल सेल्स एसोसिएट, डोमेस्टिक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, सिलाई मशीन, सोलर टेक्निशियन, राज मिस्त्री, मोबाइल रिपेयर, नर्सिंग, ब्यूटी थेरेपिस्ट एवं सिक्योरिटी गार्ड कोर्स में भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जारी आदेश के तहत 8 अप्रैल को जनपद पंचायत चारामा, 9 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज कांकेर, 11 अप्रैल को जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, 15 अप्रैल को जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल, 16 अप्रैल को लाइवलीहुड कॉलेज अंतागढ़, 17 अप्रैल को जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा एवं 21 अप्रैल को बीपीआरसी भवन पखांजूर में काउंसिलिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण के इच्छुक युवा जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक है, वे उक्त संबंधित क्षेत्र के निर्धारित तिथि में आवश्यक दस्तावेज शैक्षणिक योग्यता कक्षा 5 वीं की अंकसूची, 4 फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं निवास प्रमाणपत्र की छायाप्रति के साथ प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक उपस्थित होकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर पंजीयन करवा सकते हैं।

### 44 सरपंच, 11 जनपद सदस्य, एवं 02 जिला पंचायत सदस्य हुए सम्मानित

# जिपं, जनपद सदस्यों व सरपंचों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

सर्व आदिवासी समाज ने विकासखंड दुर्गूकोंदल के सरपंच, पंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य का सम्मान किया और जनप्रतिनिधियों ने विकास कार्य करने की बात रखी।

जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए एक दूसरे से मिलकर काम करना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार को लेकर क्षेत्र में जो भी समस्याएं है, उनको अवगत कराएं, हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर समस्याओं के निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य देवलाल नरेटी ने कहा कि हम सब मिलकर दलगत राजनीति को छोड़कर अपने क्षेत्र के विकास के लिए जोर दें और हमारे क्षेत्र का विकास करेंगे और इस विकास की कड़ी में हम एक-एक कर जुड़े और सभी का सामंजस्य बिठाकर हम विकास करेंगे और कहीं भी कोई भी समस्या हो तो हम आपके साथ मिलकर लड़ेंगे। जनपद सदस्य विकास राजु नायक ने कहा कि विकास का मुख्य लक्ष्य है वर्तमान की जरूरतों को पूरा करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए जरूरतें पूरी करने का जिम्मा उठाना। सतत विकास के ज़रिए, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और समाज की जरूरतों को संतुलित किया जाता है सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना, विशेष रूप से पानी की गुणवत्ता और स्वच्छता में सुधार करना समाज सुदृढ़ और समृद्ध बने। आयोजित कार्यक्रम में विकासखंड के सभी 44 सरपंच, 11 जनपद सदस्य, एवं 02 जिला पंचायत सदस्य का सम्मान किया गया। शिक्षा सत्र 2024-25 में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनित हुए दुर्गूकोंदल विकासखंड के 21 बच्चों का भी सम्मान किया गया। बच्चों को स्कूल बैग भेंट किया गया, ताकि अन्य बच्चे भी प्रेरणा ले सकें। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी को भी सम्मान दिया गया। सम्मान समारोह के दौरान सर्व आदिवासी समाज की ओर से विकासखंड के समस्त नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पेसा अधिनियम की किताबें भेंट की गई। सर्व आदिवासी समाज ने कहा कि पाँचवी अनुसूची क्षेत्र में पेसा आधारित व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को इस कानून की जानकारी होना चाहिए, इस बाबत पेसा अधिनियमों का अध्ययन करना जरूरी है। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष नंदकिशोर नेताम, गोंड समाज प्रमुख झाड़ू राम उइके, हल्बा समाज प्रमुख सेवाराम चिराम, गाँड़ा गंधर्व समाज अध्यक्ष लीला प्रसाद कुलदीप, तेली समाज अध्यक्ष बोधन, रमेश दुग्गा, ललित नरेटी, मुकेश बघेल, अरूण कल्लो, अजजा शासकीय सेवक विकास संघ के सदस्य ललित, दुखितराम खरे, घेवरचंद मरकाम, अजय मरकाम, गजेन्द्र ठाकुर, राजबत्ती पोटाई, सचिव सरस्वती गायकवाड़, ममता नरेटी, हेमलता नरेटी, मोनालिशा दुग्गा, राज नरेटी, कौशिल्या दुग्गा, सविता गोटा, युवा प्रभाग अध्यक्ष हरेश रावटे, उदय पुरामे सहित बड़ी संख्या में सर्व आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

### उत्कल समाज के चुनाव के लिए मतदान 13 को

**जगदलपुर।** उत्कल समाज जगदलपुर के चुनाव के लिए दो पेनल में चुनाव लड़ने वाले जोर शोर से मतदाताओं से संपर्क के लिए घर -घर पहुंच रहे हैं। लंबे समय बाद हो रहे चुनाव को लेकर युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में भी उत्साह है। आगामी 13 अप्रैल को भैरमदेव वार्ड स्थित उत्कल भवन में मतदान होगा। चुनाव अधिकारी ने चुनाव लड़ने वाले सदस्यों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए हैं। दो पेनल के पदाधिकारी उगता सूरज और घड़ी चुनाव चिन्ह के साथ वोट मांगते जीतने के बाद जो काम करेंगे उसका वादा भी कर रहे हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411